प्रेस विज्ञप्ति 16 नवम्बर, 22

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं फिक्की फ्लो कानपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यशाला **“Take Charge of Your Goals- Accelerate Your Business Success** (अपने लक्ष्यों का प्रभार लेने, मुख्यतः व्यवसायिक सफलता में त्वरित तेजी) का आयोजन डॉ गौर हरि सिंहानिया कांफ्रेस हॉल में किया गया।

कार्यशाला की शुरूआत करते हुये सोनल अग्रवाल ने डॉ. आरती गुप्ता का संक्षिप्त परिचय दिया।

इसके पश्चात् पूजा गुप्ता ने मुख्य वक्ता मिस आदिश्री आनन्द के बारे में बताया जो फाउण्डर एण्ड सीईओ, लाइव बाई डिजाईन एवं नई दिल्ली की प्रमुख लक्ष्य निर्धारण और उत्पादकता विशेषज्ञ है।
मिस आदिश्री ने प्रतिभागियों के लिये एक विशेष पावर पॉइंट सत्र का प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि :

- एक उद्यमी हमेशा व्यस्त रहता है लेकिन आवश्यक यह है कि उद्यमी का व्यस्त समय किन बातों के लिए प्राथमिक है, जैसे उद्यमी के व्यस्त समय को चार भागों में विभाजित कर सकते है:

  Everything, Something, Doing Nothing एवं Doing Right Thing
- उद्‌यमी को यह पता नहीं होता है कि उद्‌यमी की उत्पादकता से ही उद्‌योग की उत्पादकता जांची जा सकती है।
- सबके पास 24 घंटे ही है लेकिन सफलता की निर्भरता के लिए योजना बनानी होगी, यह देखना होगा कि समय का उपयोग कैसे करते है और दिन की समाप्ति पर हम क्या महसूस करते है।
- यदि हम दिन भरके कार्य की प्लानिंग 10 से 12 मिनट करें तो दो से तीन घंटे बचा सकते है।
- उत्पादकता को दोगुना करने और तनाव.रहित व्यवसायिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये नियोजन दृष्टिकोण के बारे में बताया।
- अपने कार्य दिवस को निर्धारित करने के लिये सर्वोत्तम समय प्रंबधन रणनीतियों का उपयोग, अपने व्यवसाय की सफलता में तेजी लाने के लिये समय और फोकस में महारत हासिल करने, जीवन का आनंद लेते हुये अपने व्यवसाय में तेजी से परिणाम प्राप्त करने आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक बताया ।

धन्यवाद प्रस्ताव साक्षी भरतिया ने दिया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष- अतुल कानोडिया, पूजा गुप्ता, प्रिया रहेजा, सीमा लाहोटी, शालिनी पाण्डेय, सोनल अग्रवाल, विमल झाझरिया, डॉ अवध दुबे, राजीव किशोर भरतीया, दिलीप अग्रवाल एवं सचिव- महेन्द्र नाथ मोदी के अलावा महिला उद्यमी भी उपस्थित रही।